Code No.
कोड नं. **64/1/3**

- Please check that this question paper contains 8 printed pages +2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 19 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 19 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

GEOGRAPHY (Theory)
भूगोल (सैद्धान्तिक)

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 70*

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 70*

General Instructions :

(1) There are **19** general questions.

(2) All questions are **compulsory.**

(3) Marks for each question are indicated against it.

(4) Question numbers **1** to **10** are short answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **80** words.

(5) Question numbers **11** to **15** are also short answer questions of **4** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **120** words.

(6) Question numbers **16, 17** and **18** are long answer questions of **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.

(7) Question number **19** contains test items of very short answers i.e. answers. It is of **5** marks.

(8) Outline maps provided to you must be attached with your answer book.

(9) Use of templates or stencils for drawing outline maps is allowed.

सामान्य निर्देश :

(1) सामान्य प्रश्नों की कुल संख्या **19** है।

(2) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(3) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके निर्धारित अंक दिये हैं।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **15** तक भी लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **4** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(6) प्रश्न संख्या **16, 17** और **18** लम्बे उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **5** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(7) प्रश्न संख्या **19** में बहुत छोटे उत्तर वाले विषय हैं। यह प्रश्न **5** अंक का है।

(8) दिए गए रेखा-मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए।

(9) रेखा-मानचित्र बनाने के लिये साँचों या स्टेंसिलों के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।

1. What is 'international trade' ? Which are the **two** types of international trade ? Give **one** characteristic of each. **1+1+1=3**

'अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार' किसे कहते हैं ? अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के **दो** प्रकार कौन से हैं ? प्रत्येक की **एक** विशेषता बताइए।

2. State **three** ways in which natural resources help humans. **3×1=3**

प्राकृतिक संसाधन मानव की किन **तीन** प्रकार से सहायता करते हैं, बताइये।

3. What is rainwater harvesting ? State any **four** objectives of rainwater harvesting. **1+2=3**

वर्षा-जल संग्रहण किसे कहते हैं ? वर्षा-जल संग्रहण के किन्हीं **चार** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

4. Why does intensity of cropping vary from State to State ? Explain **three** reasons with examples. **3×1=3**

शस्य गहनता एक राज्य से दूसरे राज्य में क्यों भिन्न है ? उदाहरण सहित **तीन** कारण समझाइये।

5. Why is road transport considered more useful than other modes of transport in India ? Explain **three** reasons. **3×1=3**

भारत में परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में परिवहन अधिक उपयोगी क्यों माना जाता है ? **तीन** कारणों की व्याख्या कीजिए।

6. Study the data given below and answer the questions that follow : **1+1+1=3**

Global Land Use Changes (Area in Million Hectares)

(From years 1700 to 2000)

Broad Land Uses	1700	1850	1920	1950	1980	2000
Forests	6214	5965	5678	5389	5053	3454
Grasslands	6860	6837	6748	6780	6788	3427
Crop lands	265	537	913	1170	1501	1512

(6.1) Why has land area under forests and grasslands regularly decreased ?

(6.2) Why is the crop land area comparatively smaller than those of the other two ?

(6.3) In which category has the land area undergone the highest decrease in the last two decades ? How much has it decreased ?

नीचे दिए गए तालिकाबद्ध आँकड़ों का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

विश्वस्तर पर भू-उपयोग परिवर्तन (क्षेत्रफल दस लाख हेक्टेयर में)

(वर्ष 1700 से 2000 तक)

प्रमुख भू-उपयोग	1700	1850	1920	1950	1980	2000
वन	6214	5965	5678	5389	5053	3454
घासभूमि	6860	6837	6748	6780	6788	3427
फसल क्षेत्र	265	537	913	1170	1501	1512

(6.1) वन और घासभूमि के अन्तर्गत क्षेत्रफल निरन्तर क्यों घटा है ?

(6.2) फसल क्षेत्र अन्य दो के क्षेत्रफलों की तुलना में कम क्यों है ?

(6.3) विगत दो दशकों में सर्वाधिक कमी किस वर्ग के क्षेत्रफल में आई है ? यह कमी कितनी है ?

For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 6.


केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 6 के स्थान पर।

Why is the land under cultivation in the world very low ? Give **three** reasons. **3×1=3**

संसार में कृषि के अन्तर्गत भूमि बहुत कम क्यों है ? **तीन** कारण दीजिए।

7. Study the data given below and answer the questions that follow : **1+1+1=3**

नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



(7.1) Name the two seas connected by the canal shown in the map.

(7.2) Name the two ports marked in the map by No. 1 and 2.

(7.3) Name the lakes shown by A and B.

(7.1) मानचित्र में दिखाई गई नहर से जुड़े दो सागरों के नाम बताइए।

(7.2) इस मानचित्र में सं. 1 और 2 से दिखाए गए पत्तनों के नाम बताइए।

(7.3) क और ख से प्रदर्शित झीलों के नाम बताइए।


For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 7.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 7 के स्थान पर।

Name the shipping canal of Egypt. Write **four** characteristics of it. **3**

मिस्र देश की जहाज़ी नहर का नाम बताइए। इसकी **चार** विशेषताएँ भी लिखिए।

8.



Study the above map and answer the following questions : **1½+1½=3**

(8.1) Which arid area of northern part faces water scarcity ? In which category (Hot or Cold) ihis area is placed ?

(8.2) Which arid area of north-western part faces water scarcity ? In which category (Hot or Cold) this area is placed ?

पृष्ठ 5 पर दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(8.1) उत्तरी भाग के जल-अभाव ग्रस्त शुष्क प्रदेश का नाम बताइये। यह प्रदेश किस वर्ग (उष्ण या शीत) में रखा गया है ?

(8.2) उत्तर-पश्चिमी भाग के जल-अभाव ग्रस्त शुष्क प्रदेश का नाम बताइये। यह प्रदेश किस वर्ग (उष्ण या शीत) में रखा गया है ?

For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 8.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर।

Name three arid areas of India which face water scarcity through-out the year. **3×1=3**

भारत के उन तीन शुष्क प्रदेशों के नाम बताइये जो साल भर जल-अभाव ग्रस्त रहते हैं।

9. In which **two** sections has the subject matter of 'human geography' been divided by Finch and Triwartha ? State **two** features of each section. **1+1+1 = 3**

फिंच और ट्रिवार्था के द्वारा 'मानव भूगोल' की विषय-वस्तु को किन **दो** भागों में बाँटा गया है ? प्रत्येक भाग के **दो** लक्षण बताइए।

10. What is the meaning of transhumance ? State **four** characteristics of pastoral nomadism. **1+2=3**

ऋतु-प्रवास का क्या अर्थ है ? चलवासी पशुचारण की **चार** विशेषताएँ बताइए।

11. 'Though the poverty ratio has declined in India, the number of the poor has remained stable'. Support this statement with four suitable facts. **4×1=4**

'यद्यपि भारत में गरीबी का अनुपात घट गया है, परन्तु गरीबों की संख्या स्थिर बनी हुई है।' चार उपयुक्त तथ्यों की मदद से इस कथन की पुष्टि कीजिए।

12. "If we are able to provide surface roads to each and every village of the country, it will accelerate the economic development of India." Justify this statement with four arguments. **4×1=4**

''यदि हम देश के प्रत्येक गाँव को पक्की सड़कों से जोड़ सकें तो इससे भारत का आर्थिक विकास द्रुत गति से होने लगेगा।'' चार तर्क देकर इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

13. Describe four favourable physical conditions for the cultivation of sugarcane. Also name four major sugarcane producing countries of the world. **2+2=4**

गन्ना की कृषि के लिए चार अनुकूल भौतिक दशाओं का वर्णन कीजिए। संसार के चार प्रमुख गन्ना उत्पादक देशों के नाम भी बताइए।

14. How has modern communication system converted the whole world into a 'global village' ? Explain with four suitable examples. **4×1=4**

आधुनिक संचार तंत्र ने पूरे संसार को एक 'वैश्विक ग्राम' के रूप में किस प्रकार बदल दिया है ? चार उपयुक्त उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

15. Explain any four distributional patterns of rural settlements in India. **4**

भारत में ग्रामीण बस्तियों के किन्हीं चार वितरण प्रतिरूपों की व्याख्या कीजिए।

16. Compare the distributional pattern of Scheduled Caste population with that of Scheduled Tribe population in India. **5**

अनुसूचित जातीय जनसंख्या के वितरण प्रतिरूप की तुलना, अनुसूचित जनजातीय जनसंख्या के वितरण प्रतिरूप से कीजिए।

17. What are rural settlements ? Which are the **two** common patterns of rural settlements found in different parts of the world ? State **three** characteristics of each. **1+1+1½+1½=5**

ग्रामीण बस्तियाँ किन्हें कहते हैं ? संसार के विभिन्न भागों में पाई जाने वाली ग्रामीण बस्तियों के **दो** सामान्य प्रतिरूप कौन से हैं ? प्रत्येक प्रतिरूप की **तीन** विशेषताएँ बताइए।

18. What is the meaning of the occupational structure of population ? Explain with suitable examples the **four** major groups of occupational structure found in the world. **1+4=5**

जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना का क्या अर्थ है ? संसार में पाये जाने वाले व्यावसायिक संरचना के **चार** प्रमुख वर्गों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

19. (19.1) In the given outline map of the **world** are shown **four** geographical features. **4×½=4**

(1) The country having the highest density of population,

(2) The eastern terminal of Trans-Siberian Railway,

(3) The largest copper producing country and

(4) The largest city in Europe.

Identify them and write their names on the lines given in the map.

(19.2) In the outline map of **India** provided, locate and label the following with appropriate symbols : **3×1=3**

(i) The State having the lowest sex-ratio

(ii) Eastern terminal of East-West corridor, super highway

(iii) The biggest refinery of India

(19.1) **संसार** के दिए गए रेखा मानचित्र में **चार** भौगोलिक लक्षण दर्शाए गए हैं।

(1) सर्वोच्च जनसंख्या घनत्व वाला देश

(2) साइबेरिया पारीय रेलमार्ग का पूर्वी अन्तिम स्टेशन

(3) ताँबा का सबसे बड़ा उत्पादक देश और

(4) यूरोप में सबसे बड़ा नगर।

इनकी पहचान कीजिए और इनके नाम मानचित्र में दी गई रेखाओं पर लिखिए।

(19.2) **भारत** के दिए गए रेखा मानचित्र में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिन्हों द्वारा दिखाइए और प्रत्येक की स्थिति के निकट उसका नाम लिखिए :

(i) सबसे निम्न लिंग-अनुपात वाला राज्य

(ii) पूर्व-पश्चिम गलियारे (परम राजमार्ग) का पूर्वी अन्तिम स्टेशन

(iii) भारत की सबसे बड़ी तेल परिष्करण शाला

For Blind Students only in lieu of Question No. 19.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर।

(19.1) Name the two countries of Europe which have the highest density of population. **5×1=5**

(19.2) Name the eastern and western terminals of Trans-Siberian Railway.

(19.3) Name the two metropolitan cities of Punjab.

(19.4) Name the two oil refineries located in Tamil Nadu.

(19.5) Name the Western and Eastern terminals of East-West corridor (super highway).

(19.1) यूरोप के दो देशों के नाम बताइए, जिनमें जनसंख्या का घनत्व सबसे अधिक है।

(19.2) साइबेरिया पारीय रेलमार्ग के पूर्वी और पश्चिमी अन्तिम स्टेशनों के नाम बताइए।


(19.3) पंजाब के दो महानगरों के नाम बताइए।

(19.4) तमिलनाडु में स्थित दो तेल परिष्करण शालाओं के नाम बताइए।


(19.5) पूर्वी-पश्चिमी गलियारे (परम राजमार्ग) के पूर्वी और पश्चिमी अन्तिम स्टेशनों के नाम बताइए।

For Q. No. 19.1

प्रश्न सं. 19.1 के लिये



For Q. No. 19.2 **INDIA POLITICAL** प्रश्न सं. 19.2 के लिये



Based upon Survey of India Outline Map Printed in 1987.
The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base line.
The boundary of Meghalaya on this map is as interpreted from the North-Eastern Areas (Reorganisation) Act. 1971. but has yet to be verified.
Responsibility for correctness of internal details shown on the map rests with the publisher. ©Government of India copyright 2001